मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

मुंबई
वर्षः 7 अंक 157
शनिवार, 21 दिसम्बर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## हंगामे की भेंट चढ़ गया संसद का शीतकालीन सत्र, दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली, 20 दिसम्बर।** संसद का शीतकालीन सत्र एक तरह से पूरा का पूरा हंगामे की भेंट चढ़ गया। इस बार सत्र में कोई खास काम नहीं हो सका। सरकार ने एक देश, एक चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण विधेयक संसद में पेश तो कर दिया लेकिन इसे जेपीसी को विचार के लिए भेज दिया गया। इसके अलावा वक्फ विधेयक भी टाल दिया गया। इस सत्र में संविधान पर जरूर चर्चा हुई लेकिन वह भी आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रही। सत्र के शुरूआती दिन अडाणी विवाद और अंतिम दिन अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उठे विवाद की भेंट चढ़ गये। इस बीच, संसद परिसर में एक दिन पहले जो कुछ हुआ उससे देश चिंतित नजर आ रहा है क्योंकि बात सिर्फ दो सांसदों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुँचाने की नहीं है बल्कि लोकतंत्र की गरिमा और मयार्दा को बड़ा नुकसान पहुँचाने की भी है।इस बीच, संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की के सिलसिले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर मामला दर्ज होने के बाद बताया जा रहा है कि पुलिस इस घटना में घायल दो सांसदों के बयान दर्ज कर सकती है और विपक्षी नेता को पूछताछ के लिए भी बुला सकती है। दिल्ली पुलिस संसद सचिवालय को भी पत्र लिखकर उस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की मांग कर सकती है, जहां



घटना घटी थी। एक अधिकारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मामले को स्थानीय पुलिस से अपराध शाखा को सौंपने पर भी विचार कर सकते हैं। हम आपको बता दें कि संसद मार्ग थाने में बृहस्पतिवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या निजी सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3 (5) (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया था। भाजपा द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने के कुछ घंटों बाद ही राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। शिकायत में उन पर धक्का-मुक्की के दौरान हमला करने और उकसाने का आरोप लगाया गया है। इस धक्का-मुक्की में भाजपा के दो सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हो गए थे। वहीं संसद की कार्यवाही की बात करें तो आपको बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र में लोकसभा की कार्यवाही आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजे आरंभ होने के बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और उससे जुड़े ह्यसंघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024 को संसद की संयुक्त समिति के विचार के लिए भेजे जाने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संसद परिसर में सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों के बीच हुई धक्का-मुक्की की घटना का हवाला देते हुए कहा कि संसद की मयार्दा और गरिमा सुनिश्चित करना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संसद के किसी भी द्वार और परिसर के भीतर धरना-प्रदर्शन नहीं करना है और यदि ऐसा होता है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद बिरला ने राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की धुन बजाने के लिए कहा। वंदे मातरम की धुन के पश्चात उन्होंने सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी। वहीं राज्यसभा का 266वां सत्र आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जब सदन की बैठक दोबारा शुरू हुई तो सदन ने देश में संसदीय और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले विधेयक तथा उससे संबंधित एक अन्य विधेयक पर विचार के लिए गठित की जाने वाली समिति में उच्च सदन के 12 सदस्यों को नामित करने के प्रस्ताव को ध्वनि मत से मंजूरी दी।

### भारत जोड़ो यात्रा के बारे में फडणवीस के आरोप केंद्र सरकार की विफलता को दर्शाते हैं : आदित्य ठाकरे

**नागपुर।** शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के बारे में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आरोपों से पता चलता है कि केंद्र सरकार को देश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी नहीं है। फडणवीस ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र की कांग्रेस-राकांपा सरकार और केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार के दौरान अर्बन नक्सलियों के मुखौटा संगठन घोषित किए गए कुछ संगठनों ने भारत जोड़ो यात्रा में भाग लिया था। ठाकरे ने विधान भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बारे में फडणवीस का यह दावा दशार्ता है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय को देश में आतंकवादियों के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### हरियाणा के पूर्व सीएम ओमप्रकाश चौटाला का निधन, 89 साल की उम्र में गुरुग्राम में ली अंतिम सांस

**हरियाणा, 20 दिसम्बर।** अनुभवी इंडियन नेशनल लोकदल (आईएन एलडी) नेता और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव रखने वाले चौटाला का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राज्य की राजनीति में एक प्रमुख व्यक्ति, चौटाला ने कई अवसरों पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। उन्हें आईएनएलडी में उनके नेतृत्व और राज्य की राजनीतिक दिशा को आकार देने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता था। उनकी मृत्यु हरियाणा के राजनीतिक इतिहास में एक युग के अंत का प्रतीक है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हरियाणा के विकास में चौटाला के योगदान को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की है। उनका परिवार और समर्थक शोक में हैं क्योंकि वे उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। चौटाला परिवार के कई सदस्य राजनीति में सक्रिय हैं,



हालांकि सभी सदस्य इनेलो और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच विभाजित हैं। ओम प्रकाश चौटाला के बड़े बेटे अजय, भिवानी के पूर्व सांसद और तीन बार के विधायक (दो बार राजस्थान और एक बार हरियाणा) को जेबीटी शिक्षक भर्ती मामले में भ्रष्टाचार के आरोप में उनके पिता के साथ दोषी ठहराया गया था। इनेलो ने पिछली बार 2005 में हरियाणा पर शासन किया था, लेकिन इस बरस कांग्रेस ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया। जिसके बाद भूपिंदर सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री बने थे। भाजपा के मनोहर लाल खट्टर 2014 के चुनावों में नए सीएम के रूप में हरियाणा की कमान संभाली।

## अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

**कश्मीर, 20 दिसम्बर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर हासिल करने का लक्ष्य जल्द ही साकार होगा।

उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों को क्षेत्र में आतंकवाद पर पूरी तरह लगाम लगाने का निर्देश दिया है। केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गृह मंत्रालय में एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान शाह ने कहा कि आतंकवाद के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के अनुरूप हम जल्द से जल्द आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर के लक्ष्य को हासिल करेंगे।

हम आपको बता दें कि मंत्रालय के एक आधिकारिक




बयान में कहा गया है कि शाह ने आश्वासन दिया कि इस अभियान का समर्थन करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन आवंटित किए जाएंगे।

गृह मंत्री ने केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि सभी सुरक्षाबलों के संयुक्त प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को खत्म करने का दृढ़ संकल्प लिया गया है। उन्होंने विधानसभा और लोकसभा दोनों चुनावों में स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय भागीदारी को लोकतंत्र में उनके विश्वास का प्रमाण बताया। हम आपको बता दें कि हाल में हुए जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र शासित प्रदेश में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए शाह की यह पहली बैठक थी।

सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में नेशनल कॉन्फ्रेंस की सरकार बनी है। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अलावा सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए।

वर्ष 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और तत्कालीन राज्य जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद, जम्मू और कश्मीर में कानून-व्यवस्था केंद्र सरकार के अधीन आ गई है। जम्मू-कश्मीर में छिटपुट आतंकी घटनाएं जारी हैं।

20 अक्टूबर को मध्य कश्मीर में आतंकी हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले घाटी में काम करने वाले बाहरी लोगों पर भी हमले हुए थे।

### आंबेडकर का सम्मान न करने वाली भाजपा और अन्य पार्टियां एक ही थैले के चट्टे-बट्टे : मायावती

**लखनऊ, 20 दिसम्बर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सभी बाबा साहब डॉ. आंबेडकर का निरादर करने के मामले में एक ही थैले के चट्टे-बट्टे हैं। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में कहा, भाजपा के अमित शाह द्वारा संसद में दलित एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परमपूज्य बाबासाहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है, उससे इन वर्गों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंची है। ऐसे में उन शब्दों को वापस लेकर इनको पश्चाताप भी जरूर करना चाहिए। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा इस सप्ताह की शुरूआत में राज्यसभा में आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी दलों के बीच चल रही खींचतान के बीच आया है। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार करना असंभव है कि कांग्रेस, भाजपा एवं इनके सहयोगी दलों का चाल, चरित्र व चेहरा बाबा साहेब डा. आंबेडकर व उनके करोड़ों दलित-पिछड़े, शोषित-पीड़ित अनुयायियों के हितों और कल्याण के प्रति हमेशा संकीर्ण एवं जातिवादी रहा है।

और यही वजह है कि इन समुदायों के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक हालात लगातार बदतर हुए हैं।

## राम मंदिर बना देने से कोई हिंदुओं का नेता नहीं बन गया, नये मंदिर-मस्जिद विवादों को उभारना गलतः मोहन भागवत

**नई दिल्ली, 20 दिसम्बर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। भागवत ने साथ ही नये विवादों के उठने पर भी नाराजगी जताई है। हम आपको याद दिला दें कि हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों तक पहुंची हैं, हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। भागवत के बयान पर जहां हिंदू संतों ने सधी हुई प्रतिक्रिया जताते हुए कहा है कि इसे पूरे परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए



वहीं मुस्लिम धर्मगुरुओं ने भागवत के बयान का स्वागत किया है। हम आपको याद दिला दें कि मोहन भागवत पहले भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग ढूंढ़ना सही नहीं है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत-विश्वगुरु विषय पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है। भारतीय समाज की बहुलता को रेखांकित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं।

उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है। मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था। उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए। उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए।










## 500 वर्ग फीट के मकानों पर संपत्ति कर माफ करने की मांग -विधायक सुलभा गायकवाड़

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण-डोंबिवली महापालिका क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्ग के नागरिकों के लिए बड़ी वित्तीय कठिनाइयों का कारण बन रहा है। इस क्षेत्र के निवासी बड़ी संख्या में चाल में रहते हैं, और इस वर्ग पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए कल्याण पूर्व की विधायक सुलभा गणपत गायकवाड़ ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को निवेदन देकर 500 वर्ग फीट तक के मकानों पर संपत्ति कर माफ करने की मांग की है। नवीमुंबई मनपा ने हाल ही में 500 वर्ग फुट तक के घरों पर संपत्ति कर माफ करने का फैसला किया है। इससे पहले बीएमसी ने भी ऐसा फैसला लेकर लाखों नागरिकों को राहत दी थी। इसी तर्ज पर कल्याण-डोंबिवली महापालिका से भी यह फैसला तुरंत लेने की मांग की जा रही है कल्याण-डोंबिवली का संपत्ति कर अन्य महापालिका की तुलना में अधिक होने के कारण आम नागरिकों को आर्थिक तनाव झेलना पड़ता है। यदि 500 वर्ग फुट के मकानों पर टैक्स माफ कर दिया जाता है, तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी और उनकी वित्तीय स्थिरता में सुधार होगा। हालाँकि विधायक सुलभा गायकवाड ने मांग की है कि संबंधित प्रशासन को तुरंत इस मामले का संज्ञान लेना चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए और आम करदाताओं को इस वित्तीय बोझ से जल्द से जल्द राहत मिलनी चाहिए।

## एयरटेल वाईफाई के साथ मनोरंजन का नया दौर: अब जी5 भी शामिल

**मुंबई।** भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज जी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। 699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत जी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से जी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट जिसमें ओरिजिनल शोज, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज और विभिन्न भाषाओं में सीरीज, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, ह्लसाझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और जी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। जी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए अपनी कंटेंट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मनीश कालरा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, जी5 ने कहा, जी5 पर, हमारी हमेशा यह कोशिश रही है कि उच्च-गुणवत्ता वाले मनोरंजन को लोकतांत्रिक तरीके से बनाया जाये, जिससे हमारी विविध कंटेंट लाइब्रेरी को दर्शकों तक पहुंचाया जा सके। एयरटेल के साथ यह सहयोग हमारे इस वादे को और मजबूत करता है कि हम दर्शकों को अलग-अलग शैलियों, भाषाओं और फॉर्मेट्स में एक सहज मनोरंजन अनुभव प्रदान करें। एयरटेल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं के लिए जी5 के एकीकरण के साथ, हमारा लक्ष्य व्यापक दर्शक समूह तक पहुंचना है और हर उपभोक्ता के लिए आकर्षक, कहानी के व्यक्तिगत आनंद का अनुभव सुनिश्चित करना है।

## कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ क्रिसमस को बनाएं और भी ज्यादा खुशनुमा और सेहतमंद

**मुंबई/पटना।** क्रिसमस अपने करीबियों और दोस्तों के साथ एक सुखद वक्त बिताने और बेहतरीन यादों को संजोने का मौका होता है। आइए, इस बार स्वाद से समझौता किए बिना ही सेहतमंद विकल्पों को चुनकर त्योहार का लुत्फ उठाएं। जब आप क्रिसमस के मीठे और पारंपरिक पकवान पकाएं तो कैलिफोर्निया आमंड्स की अच्छाइयों के साथ अपनी खुशियों को और बढ़ाएं। तरह-तरह से उपयोग की जाने वाली ये सामग्री आपके पंसदीदा पकवानों में क्रंच, लज्जत और पोषण लेकर आएगी। मशहूर कैलिफोर्निया आमंड्स, पोषण का भंडार है। इसमें प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, मैग्नीशियम, जिंक और फॉस्फोरस जैसे 15 जरूरी पोषक तत्व हैं। केक से लेकर कुकीज तक, बादाम ड्राय फ्रूट्स का राजा है जो ना केवल स्वाद बढ़ाता है, बल्कि त्योहारों के पकवानों को पौष्टिक भी बनाता है। प्रमुख वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित 200 से भी ज्यादा अध्ययनों में बताया गया है कि रोजाना मुट्ठीभर कैलिफोर्निया आमंड्स खाने से ब्लड शुगर को नियंत्रित करने, एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को कम करने और दिल की सेहत को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। पेट भरे होने का एहसास कराने के इसके गुणों की वजह से त्योहारों के मौसम में भूख को नियंत्रित करने और वजन को संतुलित बनाए रखने में भी सहायता करता है। इसके साथ ही, भारतीयों के लिए आईसीएमआर-एनआईएन डाइटरी गाइडलाइन्स में बादाम को सबसे पौष्टिक नट में से एक माना गया है। बेहतर स्वास्थ्य के लिए इसे रोजाना भी खाया जा सकता है। त्योहारों के अपने पकवानों में कैलिफोर्निया आमंड्स को शामिल करते हुए अपने त्योहार को और भी ज्यादा खुशनुमा और सेहतमंद बनाएं। अपने प्रियजनों को देने के लिए भी ये एक अच्छा तोहफा है। एक तरह से आप उन्हें अच्छी सेहत का उपहार दे रहे होते हैं।

## किसान दिवस पर गोदरेज एग्रोवेट ने भारतीय किसानों का हाथ थामने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**मुंबई/पटना।** भारत की अग्रणी विविधीकृत कृषि व्यवसाय कंपनियों में से एक गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने किसान दिवस 2024 के अवसर पर एक ब्रांड फिल्म पेश की है। #SeedsOfGoodness नाम से बनाई गई इस फिल्म के जरिए किसानों के साथ खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कंपनी देश में लगातार बदलती जलवायु और कृषि परिस्थितियों की चुनौतियों को रेखांकित किया है। यह फिल्म किसानों का सहयोग करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराती है। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप की कॉर्पोरेट ब्रांड और कम्युनिकेशंस टीम ने क्रिएटिवलैंड एशिया के साथ मिलकर इस फिल्म की परिकल्पना की है और इसका फिल्मांकन किया है। #SeedsOfGoodness फिल्म में गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड द्वारा किसानों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए उठाए जा रहे विभिन्न ऑन-फील्ड प्रयासों को दिखाया गया है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, बलराम सिंह यादव ने कहाः आज, बढ़ते तापमान और अनिश्चित मौसम पैटर्न, जैसे कि मौसमी और लंबे समय तक होनेवाली बेमौसम बारिश, सीधे तौर पर हमारे भारतीय किसानों, जो कि देश के लिए फसलों का उत्पादन करते हैं, उनकी उपज और आय को प्रभावित करती है।

# पीएनबी ने फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) ने देश भर में कृषि अवसंरचना और कोल्ड चेन विकास को प्रोत्साहित करने के लिए फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से पीएनबी का लक्ष्य कृषि समुदाय को सशक्त बनाने और भारत की कृषि मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए पर्याप्त व्यावसायिक विकास को बढ़ावा देना है।

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एमओयू का आदान-प्रदान किया गया, जो भारत में फसल कटने के बाद होने वाले नुकसान को कम करने और कृषि मूल्य श्रृंखला को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ। इस समझौता ज्ञापन पर एमडी एवं सीईओ, अतुल कुमार गोयल, कार्यपालक निदेशक कल्याण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार चुघ, महाप्रबंधक (कृषि), के.एस. राणा के साथ फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल और बैंक तथा




फेडरेशन के अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर अपने व्याख्यान में, पीएनबी के एमडी एवं सीईओ श्री अतुल कुमार गोयल ने भारतीय कृषि में बदलाव लाने के लिए आधुनिक भंडारण अवसंरचना की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने फसल कटाई के पश्चात होने वाले नुकसान को कम करने और किसानों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने में कोल्ड स्टोरेज सुविधाओं के महत्व पर जोर दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। पीएनबी के कार्यपालक निदेशक श्री कल्याण कुमार ने किसानों और कृषि व्यवसायों के लिए एक स्थाई और कुशल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में कोल्ड चेन के बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्बाध कोल्ड चेन साल्यूशन्स न केवल मूल्य संवर्धन बढ़ाएंगे अपितु कृषि उपज की बाजारों तक पहुंचाने में भी सुधार करेंगे।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, फेडरेशन ऑफ कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन्स ऑफ इंडिया के अध्यक्ष श्री मुकेश अग्रवाल ने कहा, ?यह साझेदारी अत्याधुनिक भंडारण और लॉजिस्टिक्स समाधानों तक पहुंच को सक्षम करके कृषक समुदाय की किस्मत में महत्वपूर्ण सुधार करेगी।?

यह समझौता ज्ञापन नवाचार को बढ़ावा देने, कृषि बुनियादी संरचना का आधुनिक बनाने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम का प्रतिनिधित्व करता है जिससे कि किसानों और कृषि व्यवसायों के पास कुशल भंडारण और कोल्ड चेन साल्यूशन्स तक पहुंच हो सके।

## जयेश ट्रेनिंग एकेडमी की ओर से मुंबई में पूमसे सेमिनार का आयोजन किया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जयेश ट्रेनिंग एकेडमी ने ट्रेनर जयेश वेलहाल के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर से 19 दिसंबर तक कांदिवली के पवार पब्लिक स्कूल में पूमसे सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार के लिए मिस वर्ल्ड. ईवा सुंदरसेन को कोच के रूप में प्रशिक्षित किया गया था। ईवा सैंडरसन पूमसे में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी हैं और उन्होंने हाल ही में हांगकांग में 2024 विश्व पूमसे चैंपियनशिप में व्यक्तिगत वर्ग में रजत पदक और फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता है, साथ ही पिछले 2022 में व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक भी जीता है। गोयांग में विश्व पूमसे चैंपियनशिप में फ्री स्टाइल में कांस्य पदक जीता है। इस सेमिनार का आयोजन प्रशिक्षक जयेश वेल्हाल द्वारा किया गया। इस सेमिनार में प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों को पूमसे में आधुनिक बदलाव और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिला।

## मिस कमलांजली महोत्सव - महाविद्यालय प्रांगण में सम्पन्न

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कमलादेवी शैक्षणिक संस्था के अंतर्गत कमलादेवी कला, वाणिज्य और विज्ञान कनिष्ठ महाविद्यालय का कमलांजली महोत्सव कल 19 दिसंबर, 2024 को महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया था।

समारोह की अध्यक्षता मुथा शैक्षिक संस्थान के अध्यक्ष प्रकाश मुथा ने की। इस अवसर पर कल्याण डोंबिवली मनपा के इंजीनियर अशोक घोडे और शैलेश मलेकर भी उपस्थित थे। मनपा के इंजीनियर शैलेश मलेकर ने कहा कि छात्रों के लिए कॉलेज के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अपनी अन्य प्रतिभाओं को सामने लाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रकाश मुथा, (अध्यक्ष, मुथा शैक्षिक संस्थान) ने छात्रों को अपने जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। छात्रों का मार्गदर्शन




करते हुए उन्होंने कहा, शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे आप दुनिया में कुछ भी जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि छात्रों को अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्था के अध्यक्ष सदानंद तिवारी ने इस वर्ष बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिम्मी सिंह ने महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट गणमान्य व्यक्तियों, अभिभावकों और छात्रों को प्रस्तुत की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस शैक्षणिक वर्ष से, कॉलेज को लॉ कॉलेज से भी संबद्ध किया गया है और आने वाले समय में, जो छात्र 12 वीं कक्षा के बाद कानून की पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें अपने कॉलेज में पांच साल की कानूनी शिक्षा की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, अध्यापकों और कर्मचारियों द्वारा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंत में कमलांजली महोत्सव में और सुश्री कमलांजलि घोषित की गईं। कॉलेज की छात्रा कुमारी मानवकन पाल ने मिस कमलांजली का किताब जीता। कॉलेज के छात्र कुमार केविन ने मिस्टर कमलांजली के रूप में जीत हासिल की। इस कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने भाग लिया जिसमें छात्रों ने गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षकों और उनके साथी छात्रों के सामने विभिन्न कला और संस्कृति का प्रदर्शन किया। कॉलेज परिसर में कमलांजली महोत्सव 2024 का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर मनपा के इंजीनियर अशोक का कॉलेज के चेयरमैन तिवारी ने फूल गुच्छ देकर सम्मान किया।

## अजय चेरिटेबल ट्रस्ट ने महिलाओं को वितरित किया जरूरत मंद सामग्री

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उपनगर अंधेरी पूर्व की जानी मानी सामाजिक, शैक्षणिक व धार्मिक संस्था अजय चेरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से जरूरतमंद महिलाओं को बड़े पैमाने पर अनेकों प्रकार के उपहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंप हाउस के मनीष पार्क में गत दिनों किया गया था। चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अजय तिवारी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 79 के लोग हमारे परिवार के जैसे हैं और मैं कई वर्षों से सबकी सेवा कर रहा हूं और आगे भी इसी तरह से करता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा कि हमारे ट्रस्ट द्वारा समय समय पर विधवा महिलाओं, असहाय स्कूली



बच्चों की फीस व यूनिफार्म के अलावा अन्य कई तरह से लोगों की संभव मदत किया जाता रहा है। और यह सहकार्य कर मुझे खुद को बड़ी खुशी मिलती है।

भाजपा के मुंबई सचिव तिवारी ने जोर देते हुये कहा कि गरीबों असहायों की मदत से बढ़कर दुनियां में ना कोई धर्म है ना कोई पुण्य है। और इसे मैं अपने जीवन के आखिरी सांस तक करता रहूंगा। आगामी आने वाले मनपा चुनाव के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मैं पहले भी इसी वार्ड से चुनाव लड़ चुका हूं और आगे भी देवतुल्य जनता के आदेश का आत्मीयता से पालन करते हुए फिर से नगरसेवक का चुनाव अवश्य लडूंगा।

## श्रीप्रकाश शुक्ला ने कच्छ में नवनिर्मित उत्तर भारतीय भवन का किया निरीक्षण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सुजानगंज, जौनपुर के ब्लॉक प्रमुख श्रीप्रकाश शुक्ला के गांधीधाम, कच्छ में आगमन पर उत्तर भारतीय समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने श्री शुक्ला के नेतृत्व और समाज सेवा में उनके उल्लेखनीय योगदान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। श्री शुक्ला ने नवनिर्मित उत्तर भारतीय भवन का दौरा कर इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना की। उन्होंने भवन निर्माण के लिए प्रवासी बंधुओं के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा भवन हर शहर में होना चाहिए और इसे समुदाय की एकजुटता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर स्वागत समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में स्वामीनाथ दुबे, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर भारतीय कच्छ सेवा समाज,. हेमचंद्र यादव, उपाध्यक्ष, उत्तर भारतीय कच्छ सेवा समाज; प्रमुख, का-हो सोशल



क्लब; संस्थापक, श्री सुंदरकांड प्रचारक संघ.रामकरन तिवारी भैया, समाजसेवक प्रकाशचंद्र मिश्रा, अध्यक्ष, हिंदू वाहिनी, कच्छ, प्रकाश अग्रवाल, सदस्य, श्याम मित्र मंडल

अवधेश उपाध्याय, अध्यक्ष, उत्तर भारतीय ब्राह्मण समाज; उपाध्यक्ष, उत्तर भारतीय कच्छ सेवा समाज अजय कुमार सिंह, प्रमुख, गांधीधाम नगरपालिका कौशल कुमार दुबे,शंकर दूबे हरिओम शुक्ला, कोषाध्यक्ष, उत्तर भारतीय कच्छ सेवा समाज,. कृष्णा मिश्रा, अध्यक्ष, पूर्वांचल विकास परिवार ,देवी प्रसाद पांडे, उत्तर भारतीय कच्छ सेवा समाज ,गिरीश तिवारी ,अरुण मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद थे। इस सम्मान समारोह का आयोजन का-हो सोशल क्लब, गांधीधाम, कच्छ, गुजरात द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री शुक्ला ने समाज के प्रति अपने दायित्व, समर्पण, और एकजुटता को लेकर प्रेरणादायक विचार साझा किए। उत्तर भारतीय समाज, कच्छ ने श्री शुक्ला के योगदान और नेतृत्व को अत्यधिक सराहा और भविष्य में उनके मार्गदर्शन की कामना की।

## ब्लू पेबल ने 24वें सीआईआई डिजाइन एक्सीलेंस अवार्ड्स में गोल्ड जीता

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** स्पेशियल डिजाइन में लीडर, ब्लू पेबल ने प्रतिष्ठित 24वें सीआईआई डिजाइन एक्सीलेंस अवार्ड्स में स्पेशियल डिजाइन केटेगरी में गोल्ड अवार्ड जीता। यह पुरस्कार भारत सरकार के शीर्ष उद्योग संगठन, कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री, और वर्ल्ड डिजाइन ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से बैंगलोर में आयोजित किया गया था। इस पुरस्कार समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में डिजाइन में उत्कृष्ट काम को सम्मानित किया जाता है। ब्लू पेबल को यह प्रतिष्ठित सम्मान चेन्नई स्थित बैंक ऑफ अमेरिका ऑफिस के लिए अपने अद्वितीय कार्य के लिए मिला। इस प्रोजेक्ट में सांस्कृतिक तत्वों को इनोवेटिव स्पेशियल डिजाइन और डिजिटल वॉल्स के साथ संयोजित किया गया है, जिससे यह वर्कप्लेस न केवल फंक्शनल और प्रेरणादायक बनता है।

इस वर्ष, सीआईआई डिजाइन एक्सीलेंस अवार्ड्स में 300 एंट्रीज प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 50 प्रोजेक्ट्स को विभिन्न कैटेगोरीज में अवार्ड मिला। स्पेशियल डिजाइन केटेगरी में ब्लू पेबल की जीत कंपनी की मॉडर्न वर्कप्लेस को नए सिरे से परिभाषित करने की विशेषज्ञता का प्रमाण है।

ब्लू पेबल के एमडी और चेयरमैन, नलिन गगरानी ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ह्लस्पेशियल डिजाइन केटेगरी में गोल्ड अवार्ड जीतना हमारी पूरी टीम के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि हमारी टीम के निरंतर प्रयासों, हमारे स्टेकहोल्डर्स के विश्वास, और उन सभी के अटूट समर्थन के बिना संभव नहीं थी, जिन्होंने इस यात्रा में हमारा साथ दिया। यह अवार्ड हमें डिजाइन एक्सीलेंस को और बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है। यह पुरस्कार ब्लू पेबल की क्रिएटिविटी और इनोवेशन का उपयोग करके भविष्य के वर्कप्लेस को शेप देने और स्पेशियल डिजाइन में नए मानदंड स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## कामाख्या महायज्ञ समिति कल्याण द्वारा मां कामख्या यज्ञ का आयोजन

### महामंडलेश्वर संत श्री कामाख्या महाराज का स्वागत

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** मां कामाख्या महायज्ञ समिति कल्याण द्वारा कामख्या यज्ञ का आयोजन कल्याण पश्चिम के बरावे कोलीवाड़ा स्थित गांवदेवी मंदिर में किया गया है। यज्ञ के प्रमुख मार्गदर्शक सीपी मिश्रा ने बताया कि जगत जननी मां कामाख्या देवी की असीम अनुकम्पा से विश्व कल्याण, मानव समृध्दि एवं राष्ट्रनिर्माण के लिए महामंडलेश्वर संत श्री कामाख्या महाराज पुत्र हिमालय बाबा के पावन सानिध्य में यह महायज्ञ किया जा रहा है। यज्ञ में प्रमुख यजमान विधायक विश्वनाथ भोईर के अलावा धर्मेंद्र सिंह, डा.सोमेन्द्र शर्मा, डा.नरेन्द्र राव, राकेश कुमार दीक्षित, अरविन्द सिंह, संदिप दुबे, पं.विजयशंकर पाण्डेय, दिनेश तिवारी, मिथिलेश चौबे,



डिम्पू सिंह, उमाशंकर सिंह, अशोक सिंह, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, विजय सिंह, दिनेश तिवारी एवं प्रविण श्रीवास्तव आदि आयोजकों का विशेष सहयोग है। इस मौके पर महामंडलेश्वर संत श्री कामाख्या महाराज के पुत्र एवं मां कामख्या के उपासक हिमालय बाबा ने कहा कि यज्ञ का मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म की रक्षा और नारी शक्ति को जागृत कर विश्व के सनातनियों का कल्याण करना है, ताकि कलयुग में विशेष परिवर्तन हो सके।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति

* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा

*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति,** विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकांड के मुख्य आरोपी अर्फी उर्फ कामरान को क्राइम ब्रांच टीम ने किया गिरफ्तार

**रियाजुल हक ज़िला क्राइम रिपोर्टर**



**जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** शाहगंज संतोष कुमार सिंह, नि0 अपराध शाखा मय हमराह द्वारा दिनांक–18.12.2024 को मु0अ0सं0–169/ 24 धारा–302,120बी, 506, 34 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर के मुख्य वांछित अभियुक्त अर्फी उर्फ कामरान पुत्र मैनुद्दीन निवासी सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर उम्र 38 वर्ष जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट खारिज होने एवं निदेर्शों के पश्चात माननीय जनपद न्यायालय जौनपुर में आत्मसमर्पण के वास्ते थाना लाइन बाजार क्षेत्र में मौजूद था।जिसे क्राइम ब्रांच टीम द्वारा गिरफ्तार कर थाना लाइन बाजार में दाखिल कर दिनांक–19.12.2024 को माननीय जनपद न्यायालय प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड प्राप्त कर जेल भेजा गया। अभियुक्त का विवरण–1.अर्फी उर्फ कामरान पुत्र मैनुद्दीन निवासी सबरहद थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। पंजीकृत अभियोग–मु0अ0सं0–169/ 24 धारा–302,120बी, 506,34 भादवि थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम–संतोष सिंह, निरीक्षक अपराध शाखा जौनपुर। मु0आ0 अखिलेश यादव,अपराध शाखा जौनपुर। मु0आ0 फैज अहमद, अपराध शाखा जौनपुर।

# जल्द ही दिखेगा खेतासराय डाकघर का नया लुक

- डाक अधीक्षक ने डाक घर का किया निरीक्षण
- डाकघर की बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए मांगा प्रस्ताव
- डाक सेवाओं को जनमानस तक पहुंचने पर दिया जोर

**इम्तियाज अहमद/मोहम्मद अफजल**
**खेतासराय,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।** डाक अधीक्षक आरके चौहान ने खेतासराय डाकघर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राहकों से रूबरू होकर डाक विभाग की योजनाएं बचत खाता, सुकंया समृद्धि योजना, आवर्ती जमा, पीपीएफ, महिला सम्मान बचत पत्र सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर उपस्थित खेतासराय डाकघर के पोस्ट मास्टर एस के सिंह के साथ कर्मचारियो की बैठक करके डाक सेवाओं को आम जनमानस तक और बेहतर वह सरल तरीके से पहुंचाने को लेकर चर्चा किया। पोस्ट मास्टर एस के सिंह को निर्देशित किया कि डाकघर के उतरी दीवार को नए सिरे से बाउंड्री वॉल बनाने और पुराने डाकघर भवन की रंगाई पुताई व अन्य जर्जर व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शीघ्र ही प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजें। जिससे धन की उपलब्धता अति शीघ्र कराते हुए खेतासराय डाकघर को और बेहतर बनाया जा सके। डाक अधीक्षक आर के चौहान ने कहा कि



आकांक्षात्मक जनपदों में चयनियत इस जिले में भारतीय डाक विभाग की ओर से डाक सेवाओं व विभिन्न योजनाओं के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण एवं वित्तीय समावेशन के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने की योजना है। इसके लिए विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार जरूरी है। डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं के प्रचार के लिए प्रमुख स्थानों को चिह्नित कर जनता को जागरूक किया जा सकता है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की राशन दुकानों के माध्यम से डाक विभाग की योजनाओं का प्रसार करने का सुझाव दिया। खेतासराय डाकघर के निरीक्षण में परिसर की भव्य साफ, सफाई व कार्यालय में फाइलों के बेहतर रखरखाव पर उन्होंने यहां के पोस्ट मास्टर एसके सिंह के कार्यों की सराहना की। कहा कि सप्ताह में कम से कम एक डाक चौपाल आयोजित किया जाए। विभिन्न स्थानों पर बचत खाता, आईपीपीबी खाता खोलने एवं डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए कैम्प एवं मेले की शुरूआत की जाए। इस मौके पर सहायक अधीक्षक शाहगंज वह अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सरपतहां व खुटहन की संयुक्त पुलिस टीम के साथ मुठभेड में एक अभियुक्त घायल/गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सरपतहां व खुटहन की संयुक्त पुलिस टीम के साथ मुठभेड में 01 अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध देशी तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर, 01 मिस कारतूस .315 बोर व एक मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद।डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस कप्तान जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे।अभियान में अरविन्द कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व अजीत सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी शाहगंज के कुशल पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष सरपतहां थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह मय हमराह आज दिनांक–19.12.2024 को रात्रि में समय 21:50 बजे रामनगर तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे।की बिना नंबर मोटर साइकिल सवार दो व्यक्ति को रोकने पर भागने लगे। जिसका पीछा किया गया तो जान से मारने की नीयत से पुलिस वालों पर तमंचे से फायर कर दिए।जिसको कंट्रोल के माध्यम से आसपास के थानों को अवगत कराया गया।सूचना पर थानाध्यक्ष खुटहन मय फोर्स दूसरी तरफ से आए पुलिस की गाड़ी देखकर सुईथाकला के तरफ गाड़ी तेजी से मोड़ें कि डिश बैलेंस होकर मोड पर ही गिर गए और हम पुलिस वालों को लक्ष्य बनाकर फायर किए। जिससे एक गोली थाना अध्यक्ष खुटहन के बुलेट प्रूफ जैकेट में लग गई। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को बार–बार चेतावनी दिया गया। फिर भी नहीं माने पुलिस टीम भी आत्मरक्षार्थ फायर किए जिससे एक बदमाश के पैर में गोली लगी तथा दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।पकड़े गए बदमाश का नाम शुभम सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी असबरनपुर थाना जलालपुर जौनपुर पकड़े गए बदमाश के विभिन्न थानों पर करीब आधा दर्जन मुकदमे दर्ज है। पकड़े गए बदमाश को सुईथाकला सीएससी भेजा गया नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया जा रहा है। अभियुक्त शुभम सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह उर्फ झूल्लन सिंह निवासी दर्वेशपुर थाना जलालपुर जिला जौनपुर के कब्जे से 01 अवैध देशी तमन्चा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर व एक मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–331/2024 धारा 109 इठर व 3/25 आर्मस एक्ट अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# युवती से चेन और मोबाइल छीन कर भागा बदमाश

**विशाल सोनी,** शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। क्षेत्र में छिनैती की घटना से दूरदराज जॉब करने वाली युवतियों के मन मे भय पैदा कर दिया है। एक मामला कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सबरहद उजरौटी निवासी साधना जो नगर के एक निजी अस्पताल में काम करती है।पीड़िता के अनुसार वह बुधवार की शाम साइकिल पर सवार होकर लगभग छह बजे अस्पताल जा रही थी की रास्ते मे अचानक एक बाइक पर सवार एक आया और अचानक गले मे पहना दस ग्राम की सोने की चैन छीन लिया इसी बीच मैं साइकिल से गिर गयी और वह बदमाश मेरा मोबाइल भी छीन कर भाग गया।डरी सहमी घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई और पुलिस को सूचित किया। पीड़िता के अनुसार उसके साथ ऐसा ही घटना तीस अक्टूबर को भी हो चुकी है।जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी थी।मगर कोई कार्यवाई नही हुई।वहीं इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र सिंह ने छिनैती की घटना को सिरे से खारिज करते हुए कहा की मामला छिनैती का नही कुछ दूसरा है जांच की जा रही है।

# मदिरा की दुकान खोलने का समय हुआ निर्धारित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी डा० दिनेश चन्द्र ने अवगत कराया है कि आबकारी आयुक्त,उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के अन्तर्गत यह निर्णय लिया गया है कि क्रिसमस के उत्सव 25 दिसम्बर 2024 के एक दिन पूर्व से अर्थात दिनॉक 24 दिसम्बर 2024 व 25 दिसम्बर 2024 को तथा नव वर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले उत्सव अर्थात 31 दिसम्बर 2024 को दुकानों को खोले जाने का समय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। उक्त निर्देश के अनुपालन में क्रिसमस के उत्सव 25 दिसम्बर 2024 के एक दिन पूर्व से अर्थात 24 दिसम्बर 2024 व 25 दिसम्बर 2024 को तथा नव वर्ष के अवसर पर मनाये जाने वाले उत्सव अर्थात 31 दिसम्बर 2024 को जनपद जौनपुर की समस्त फुटकर दुकानों को खोले जाने का समय प्रातः 10:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक के लिए किया जाता है।

# प्रधानाध्यापक ने प्रधान पर लगाया गंभीर आरोप

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा,** बदलापुर,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के फत्तुपुर में स्थित कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को दिए लिखित तहरीर। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रामसिंह ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि फत्तूपुर के ग्राम प्रधान राजदेव व उसके उनके पिता लाल बहादुर के इशारे पर कक्षा 8 में पढ़ने वाला एक छात्र आए दिन गाली गलौज करता है। घटना 17 दिसंबर की है।जहां छात्र के द्वारा दूसरे छात्र के साथ मारपीट की गई। प्रार्थी प्रधानाध्यापक होने के कारण मारपीट रोकने का प्रयास किया तो स्कूल के छात्र छात्राओं और अध्यापकों के सामने छात्र ने भद्दी भद्दी गालियां दी। इसके अलावा छात्र के पिता राजेश ने भी फोन करके भद्दी भद्दी गालियां दी। छात्र की मां निर्मला देवी ने विद्यालय पहुंचकर कुर्सी पर रखा रजिस्टर फेंक दी और वह भी भद्दी भद्दी गालियां देने लगी। प्रधानाध्यापक द्वारा यह भी बताया गया कि कुछ माह पूर्व ग्राम प्रधान के द्वारा गाली गलौज देते हुए मारा पीटा गया था, जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। पीड़ित प्रधानाध्यापक की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।



# कृपाशंकर सिंह ने माना रेल मंत्री और शिक्षा मंत्री का आभार

**इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)।किसी भी शहर के विकास के लिए यातायात की साधनों और शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही कारण है कि जौनपुर को रेल परिवहन से जोड़ने की दिशा में महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा जौनपुर लोकसभा से बीजेपी के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह लगातार प्रयत्नशील रहे। अंततः रेल मंत्री ने लंबी दूरी की 6 ट्रेनों को जौनपुर से होकर जाने की मांग को हरी झंडी देकर जौनपुर स्टेशन के कद को बड़ा कर दिया है। मुंबई के लिए जिन दो गाड़ियों को जौनपुर स्टेशन से होकर जाने का आदेश दिया गया है उनमें लोकमान्य तिलक से गोरखपुर जाने वाली 11081 तथा गोरखपुर से लोकमान्य तिलक जाने वाली 11082 ट्रेन शामिल है।



इसी तरह हावड़ा रूट की चार ट्रेनों को जौनपुर होकर जाने का आदेश दिया गया है। इन ट्रेनों में कोलकाता से गाजीपुर सिटी जाने वाली 22323 शब्दभेदी एक्सप्रेस,गाजीपुर सिटी से कोलकाता जाने वाली 22324 शब्दभेदी एक्सप्रेस,गोरखपुर से शालीमार जाने वाली 15022 शालीमार एक्सप्रेस तथा शालीमार से गोरखपुर जाने वाली 15021 शालीमार एक्सप्रेस का समावेश है। कृपाशंकर सिंह ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जौनपुर जनपद की जनता की तरफ से धन्यवाद दिया है। साथ ही उन्होंने जौनपुर में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति के लिए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का भी जौनपुर की जनता की तरफ से आभार मानते हुए धन्यवाद दिया है। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिलाने के लिए वह लगातार प्रयासरत है।पूर्वांचल विश्वविद्यालय को केंद्रीय विद्यालय का दर्जा मिल जाने से यहां अनुसंधान और नवाचार के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी।

# दुकानदार को बीस हजार का चूना लगाकर ठग हुआ गायब

**निशानाथ**

खेतासराय,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक दुकानदार को गुरुवार की दोपहर सामान लेने के बहाने ठग ने बीस हजार रुपये का चूना लगा दिया और अपने साथी को छोड़कर गायब हो गया। पीड़ित ने मामले की लिखित सूचना पुलिस को दिया। खेतासराय–जौनपुर मुख्य मार्ग पर स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने तारगहना निवासी सुबाहू कुमार की कुर्सी व बक्शा की दुकान है गुरुवार को अपने साथी के साथ ग्राहक बनकर आए ठग ने कुर्सी दिखाने के लिए बोला और कहा कि मेरे पास मोबाइल में रुपये है आप मुझे 20 हजार रुपये कैश दे दीजिए मैं आपको मोबाइल पर ट्रांसफर कर देता हूँ। इतने में दुकानदार गल्ले से पैसा निकालकर बीस हजार रुपये दे दिया। आरोप है पैसा देने के बाद ग्राहक द्वारा दूसरे रंग की कुर्सी दिखाने के लिए कहा ज्यों ही दुकानदार अंदर गया तो ठग मौका पाकर चम्पत हो गया ऐसे में आरोपित के साथ आये युवक को लोगों ने पकड़ लिया जिसने पूछताछ में अपना नाम कमलेश यादव पुत्र राजेन्द्र निवासी गाँव कुकड़ीपुर थाना सरायख्वाजा बताया तो वहीं आरोपित का नाम बब्लू यादव पुत्र गौरी यादव निवासी गाँव कुकड़ीपुर थाना सरायख्वाजा बताया। भुक्तभोगी दुकानदार ने बब्लू यादव के विरुद्ध मामले की लिखित शिकायत पुलिस से किया।

# बरसठी पुलिस ने श्री संकटमोचन मन्दिर में हुई चोरी का 24 घण्टे के भीतर किया अनावरण

**3 अभियुक्त को 3 सफेद धातु का मुकुट छोटा व बड़ा, दो मछली सफेद धातु व एक देशी तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा 1700 रुपए नगद के साथ किया गया गिरफ्तार**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस कप्तान जनपद जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे ।अभियान अपराध एवं अपराधियों एवं वाँछित/ वारण्टियों तथा शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय व क्षेत्राधिकार मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण एवं दिशाझ्रनिर्देशन व प्रभारी निरीक्षक बरसठी,राजेश यादव के नेतृत्व मे उ0नि0 जितेन्द्र बहादुर मय हमराह के सुरागरसी पतारसी के दौरान दिनांक–19.12.2024 को श्री संकटमोचन मन्दिर ग्राम चन्द्रभानपुर से चोरी हुए मुर्ति पर लगा सफेद धातु का मुकुट व सफेद धातु की मछली को चोरी करने वाले चोर को सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर 24 घण्टे के अन्दर अभियुक्तगण 1. रंजीत सरोज उर्फ डाक्टर पुत्र शिवशंकर सरोज ग्राम खरगापुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर 2. तेजा बनवासी उर्फ तेजई पुत्र स्व0 पन्नालाल निवासी ग्राम खरगापुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर 3. कुन्दन बनवासी उर्फ पुतीलाल पुत्र स्व0 पन्नालाल बनवासी निवासी ग्राम खरगापुर थाना बरसठी जनपद जौनपुर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त रंजित सरोज के पास से एक देशी तमन्चा 315 बोर व पहने हुए पैन्ट की दाहिने जेब से एक जिन्दा कारतुस 315 बोर बरामद हुआ पैन्ट की बायी जेब से 750 रूपया (सात सौ पचास) रुपए नगद व अभियुक्त तेजा बनवासी उर्फ तेजई के पास से 400 रुपए व अभियुक्त कुन्दन बनवासी उर्फ पुतीलाल के पास से पाँच सौ पचास रुपए तथा उपरोक्त तीनो अभियुक्तो द्वारा श्री संकटमोचन मन्दिर ग्राम चन्द्रभानपुर से चोरी हुए 03 सफेद धातु का मुकुट छोटा व बड़ा व दो मछली सफेद धातु बरामद हुआ । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर भेजा गया जेल।अपराधिक इतिहास झ1.मु0अ0स0–307/11 धारा 380/411/457 भादवि थाना बरसठी जनपद जौनपुर 2.मु0अ0स0–308/11 धारा 380/411/457 भादवि थाना बरसठी जनपद जौनपुर 3.मु0अ0स0–445/17 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना बरसठी जनपद जौनपुर 4.मु0अ0स0–27/19 धारा 380/457/511 भादवि थाना बरसठी जनपद जौनपुर 5.मु0अ0स0–141/24 धारा 323/504/506 भादवि थाना बरसठी जनपद जौनपुर 6.मु0अ0स0–320/24 धारा 305ए,317(2) बी0एन0एस0 थाना बरसठी जनपद जौनपुर 7.मु0अ0स0–337/24 धारा 331(4),305(f), 317(2) बी0एन0एस0 थाना बरसठी जनपद जौनपुर 8.मु0अ0स0–3338/24 धारा 3/25 अ१२ अ्३ थाना बरसठी जनपद जौनपुर।




# विद्युत करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। कोतवाली क्षेत्र के बेलावा गांव में शुक्रवार को खेत की सिंचाई करने गए किसान की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बेलावा गांव निवासी ध्रुवराज चौहान (58) पुत्र सहदेव चौहान शुक्रवार की सुबह खेत की सिंचाई करने गए थे। सिंचाई के दरम्यान बगल के खेत में लगे झटका मशीन में प्रवाहित होने वाली विद्युत करंट उसके खेत में उतर गई। जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है।

# दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर की मृत्यु पर 94 लाख रुपये क्षतिपूर्ति अदा करने का आदेश

**पंवारा थाने में तैनात रहे सब इंस्पेक्टर साहबजान की ट्रक दुर्घटना में गई थी जान**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के न्यायाधीश मनोज कुमार अग्रवाल ने पंवारा थाना क्षेत्र के दारापुर में ट्रक दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर साहबजान की मौत के मामले में ट्रक की बीमा कंपनी द न्यू इंडिया कंपनी को उत्तरदाई ठहराते हुए आदेश दिया कि याचीगण को मय ब्याज 94 लाख रुपए क्षतिपूर्ति 2 माह के भीतर अदा करें। दुर्घटना की रिपोर्ट मृतक के पुत्र कलामुद्दीन ने पंवारा थाने में दर्ज कराया था। पुलिस ने पंचनामा,पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की विवेचना की और ट्रक चालक के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। बलिया के निवासी कलामुद्दीन व उनके तीन भाइयों शहाबुद्दीन,निजामुद्दीन, एतशाम ने दुर्घटना करने वाली ट्रक के मालिक, ड्राइवर व द न्यू इंडिया बीमा कंपनी के खिलाफ न्यायाधिकरण में अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व सूर्यमणि पांडेय के माध्यम से याचिका दाखिल किया कि 2 नवंबर 2019 को पंवारा थाने में तैनात उनके पिता सब इंस्पेक्टर साहबजान (उम्र 59 वर्ष) दो पहिया वाहन से सतहरिया जा रहे थे कि करीब 11:30 बजे दिन जब वह ग्राम दारापुर के पास पहुंचे तभी पीछे से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने उनके वाहन में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गिर गए और उन्हें गंभीर व प्राणघातक चोटें आई। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व सूर्यमणि पांडेय ने याची व गवाहों के बयान दर्ज कराए। मृतक का वेतन साबित किया। न्यायाधीश ने गवाहों के बयान एवं समस्त साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद पाया कि दुर्घटना ट्रक चालक की उपेक्षा व लापरवाही के कारण घटित हुई जिससे सब इंस्पेक्टर की मौत हो गई। न्यायाधिकरण ने ट्रक की बीमा कंपनी को उत्तरदाई ठहराते हुए आदेश दिया कि याचीगण को दो माह के भीतर मय ब्याज 94 लाख रुपए क्षतिपूर्ति अदा करें।

# बाल अपचारी को किया गिरफ्तार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नेवढ़िया पुलिस द्वारा धारा 305/331(4) बीएनएस से सम्बन्धित नकबजनी का सफल अनावरण करते हुए 1 बाल अपचारी को किया गिरफ्तार कर 1 इन्वर्टर व बैट्री व चोरी गये बर्तन बरामद किया। दिनांक–06.11.2024 को ग्राम डौडी थाना नेवढिया मे घर मे घुसकर हुई चोरी जिसके बाबत थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–175/24 धारा 305/331(4) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत हुआ था जिसका सफल अनावरण करते हुए आज दिनांक–20.12.2024 को उक्त चोरी की घटना से सम्बन्धित माल बरामदगी करते हुए एक बाल अपचारी को मधूपुर तिराहा फटका के पास से गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी निशानदेही पर चोरी से सम्बन्धित एक इन्वर्टर , एक बैट्री व चोरी के वर्तन बरामद किये गये गिरफ्तार शुदा बाल अपचारी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया।



# बेकाबू ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, भाई-बहन की मौत, पिता और बेटी की हालत गंभीर

**जीशान अहमद खान**

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के ढोलीपुर गांव के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार भाई व बहन की मौत हो गई. जबकि पिता व एक बहन गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को जिला में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।यहां सभी घायलों का उपचार चल रहा है।वहीं, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से मृतकों के परिवार में कोहराम मचा गया है।

जानकारी के अनुसार, रौनापार थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी राजू (35) अपनी बेटी जानवी (9), रोहन (12) व दिव्या (17) के साथ एक बाइक से चक्रपानपुर जा रहे थे।चक्रपानपुर में उनकी बुआ के घर किसी का जन्मदिन था।इसमें वह शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही वह जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के ढोलीपुर गांव के पास पहुंचे।इस दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई।इस हादसे में जानवी व रोहन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राजू व उसकी बेटी दिव्या गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भिजवाया गया,उनका उपचार चल रहा है।थाना पुलिस के अनुसार पुलिस घटनास्थल पर पहुंची थी. पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने ट्रक को भी अपने कब्जे में लकर जांच–पड़ताल कर रही है।

# नहर में बहता मिला लावारिश शव हुआ दफन

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लावारिश लाश इंतजामिया कमेटी ने आज जौनपुर जिले के मीरगंज थाने से मिला एक शव दफन करवाया। शव के बारे में पुलिस ने बताया की उक्त शव नहर में बहता दिखा क्षेत्र के एक गांव में मिला था जिसको तीन दिन रखने के बाद पोस्टमार्टम होने पर पता चला की मुस्लिम समुदाय का है तो कमेटी को सौंप दिया गया। शव को बाद नमाज जनाजा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ दफनवाया गया।जनाजे की नमाज हाफिज कुद्दुश रहमानी ने पढ़ाई, कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद ने बताया की यह कमेटी द्वारा 148 वी मिट्टी दफन करवाई गई है।अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में कमेटी पिछले लॉक डाउन से यह कार्य कर रही है। उक्त मिट्टी में मुख्य रूप से शाहिद अली, एहतेशाम, हाजी जियाउद्दीन, युसूफ, डॉक्टर मोइनुद्दीन, वारिश अली परवाना इदरीसी, शब्बीर हैदर अम्मार, अयाज अरब ज्वेलर्स, मोहम्मद राफे, हाफिज जावेद, शम्स तबरेज, अहमद जीशान, आबिद अली, अबुल खैर हारीश, मोहम्मद हुजैफा अंसारी, मोहम्मद अयूब, मंसूर अली, शहजादे, आफताब आलम, मोबीन अली, अयाज अहमद, सुनील मौर्य, देवेंद्र प्रताप सिंह आदि व्यक्तियों का विशेष सहयोग रहा। पुलिस प्रशासन की तरफ पवन कुमार कॉन्स्टेबल ,सुदीप सिंह मौजूद रहे।

# सेल्समैन अतुल साहू ने दस रुपए की लालच में गवां दिया बीस हजार रुपए, उचक्के रुपए लेकर फरार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पास शुक्रवार को दिनदहाड़े सिविल लाइन पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर अतिव्यस्तम इलाका कलेक्टेज्ट तिराहे पर बेखौफ बदमाशों ने एक सेल्समैन को चकमा देकर उसके बैग में रखा बीस हजार रुपए लेकर फरार हो गये। पीड़ित द्वारा लिखित शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के अहियापुर मोहल्ले का निवासी अतुल साहू पुत्र महेन्द्र साहू फिगारो तेल कम्पनी में सेल्समैन है। वह आज माल सप्लाई करने व तगादा की रकम वसूलने के लिए सिविल लाइन इलाके में आया था। वह दिन करीब दो बजे कलेक्टेज्ट तिराहे के पास दुकानों पर अपना कार्य निपटा रहा था इसी बीच तीन युवक उसके पास आकर कहा कि तुम्हारे कपड़े पर कुछ गंदगी लगी हुई सेल्समैन ने अपना बैग बाइक पर रखकर पास में लगे नल से पानी लेकर कपड़े साफ करने लगा इसी बीच उच्चकों ने उसके पास ही दस रुपए की नोट गिराकर कहा कि तुम्हार पैसा गिर गया है। पहले उसने अपना पैसा न होना बताया तो उच्चकों ने कहा तुम्हारा ही पैसा गिरा है,वह पैसा उठाने के लिए आगे बढ़ा था कि इतने में एक बदमाश उसका बैग लेकर फरार हो गया। जब सेल्स मैन की निगाह बाइक पर पड़ी तो उसका बैग गायब था। उसने इधर उधर निगाह दौड़ाया लेकिन कही पता नही चल पाया। यह पूरा वाक्या पास के दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। पीड़ित के अनुसार उसके बैग में बीस हजार रुपए अधिक रूपया था जो उसने दुकानदारों से वसूल किया था। उसके बाद उसके अपने सहयोगियों को फोन से जानकारी दिया। शाम करीब पांच बजे पीड़ित ने सिविल लाइन पुलिस चौकी में तहरीर दिया। तहरीर लेकर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गयी है। पुलिस की गोलियों का खौफ बदमाशों को कितना है उसका अंदाजा आप इसी वारदात से लगा सकते है।

# रामकटोरा पर युवती ने होटल की तीसरी मंजिल से लगाई छलांग, हालत नाजुक

**डॉ.एस.के.मिश्र,** वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के चेतगंज थाना क्षेत्र के रामकटोरा पर एक होटल में झारखण्ड की रहने वाली 22 वर्षीय युवती अपने पुरूष मित्र के साथ विगत 5 दिनों से रुकी हुई थी आज शाम 5 बजे के करीब दोनो में आपस मे किसी बात पर झगड़ा होने लगा और आवेश में आकर युवती होटल की तीसरी मंजिल से नीचे कूद गई सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे एसीपी चेतगंज गौरव कुमार और थाना प्रभारी दिलीप मिश्र युवती को लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंचे युवती की गम्भीर हालत को देखते हुए डाक्टरों ने युवती को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।चेतगंज पुलिस युवती को लेकर ट्रामा सेंटर पहुंची है एसीपी चेतगंज गौरव कुमार के अनुसार डाक्टरों ने मल्टीपल हेड इंजरी बताई है। युवती की हालत नाजुक है, ट्रामा सेंटर में उपचार चल रहा है।

## बीपी इंफ्रा ग्रुप ने जीता गीवा प्रीमियर लीग 2024



**मुंबई।** हर वर्ष की भाँति वार्षिक गोरेगांव एस्टेट एजेंटस वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 18 दिसम्बर को सात टीमों के बीच काफी रोचक मुकाबले में प्रसिद्द भवन निमार्ता कंपनी बीपी इन्फ्रा ग्रुप ने विजय प्राप्त की, विजेता टीम के कप्तान एवं बीपी इन्फ्रा ग्रुप के डायरेक्टर बिपिन सिंह ने ट्रॉफी प्राप्त कर टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई दी एवं सभी एस्टेट एजेंट्स और भवन निमार्ताओं से सहयोग और उनके उज्वल भविष्य की कामना के लिए ग्राहकों को अच्छी से अच्छी बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करने की अपील की।

## शीतकालीन सत्र में विधायक राजन नाइक ने उठाया अवैध निर्माण तक मुद्दा



**नागपुर।** नागपुर में शीतकालीन सत्र में तालुका में हुए और हो रहे अवैध निर्माण को लेकर नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाईक ने आवाज उठाई है. इसके पश्चात पिछले दो दिन से मनपा प्रशासन द्वारा तोड़क कार्यवाही शुरू की गई है। उन्होंने मनपा प्रशासन का आभार व्यक्त करने के साथ साथ आशा व्यक्त किया है कि अवैध निर्माण पर मनपा प्रशासन की कार्यवाही इसी तरह शुरू रहेगी। क्योंकि अवैध निर्माण के कारण, सर्व सामान्य नागरिकों के साथ धोखाधड़ी तो होती ही है। इसके साथ साथ तालुका के नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित और दिन प्रतिदिन अपने आपको असुरक्षित भी महसूस कर रहे है।

## पीएमआई के भारतीय सहयोगी ने अपने सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क बढ़ाया

**पटना(उत्तरशक्ति)।** सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत, फिलिप्स मॉरिस इंटरनेशनल (पीएमआई) के भारतीय सहयोगी, आईपीएम इंडिया ने अपने सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को एनर्जी एफिशियंट बनाया है। पिछले साल संगठन ने ईवी और सीएनजी वाहनों की शुरूआत में मदद की थी और अपनी 70 प्रतिशत नॉन-टोबैको सामग्री की सोर्सिंग हवाई जहाज की बजाए समुद्री या जमीनी मार्ग से करनी शुरू की थी, जिससे वित्तवर्ष 2025 तक कार्बन उत्सर्जन में 684 टन की कमी लाई जा सकी। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने के लिए यह संगठन धीरे-धीरे अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में पर्यावरण के लिए मित्रवत सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहन शामिल कर रहा है। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में पेश किए गए इन वाहनों ने 30 टन से अधिक सीओटू की बचत की है। अपना सस्टेनेबिलिटी और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने का उद्देश्य पूरा करने के लिए सोर्सिंग और स्विचिंग को हवाई मार्ग से बदलकर जमीनी और समुद्री मार्ग पर ले जाने से संगठन को मार्च 2025 तक कार्बन उत्सर्जन में 654 टन की कमी लाने में मदद मिली है। इस बारे में नवनील कर, मैनेजिंग डायरेक्टर, आईपीएम इंडिया ने कहा, सस्टेनेबिलिटी और बिजनेस की परफॉर्मेंस, दोनों एक दूसरे से जुड़े हैं, और एक दूसरे को मजबूती देते हैं। आईपीएम इंडिया की हेड ऑफ ऑपरेशंस, दिव्या वंशिका ने कहा, हमें विश्वास है कि सस्टेनेबल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश से हमारे बिजनेस में मजबूती आएगी और समाज का कल्याण होगा।

## परीक्षकों का परिचय पत्र होगा क्यूआर कोड वाला, ड्यूटी लगाने की तैयारी तेज

**हाथरस (उत्तरशक्ति)।** यूपी बोर्ड परीक्षा में परीक्षक व कक्ष निरीक्षकों को क्यूआर कोड युक्त परिचय पत्र जारी होगा। विभाग ने परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों व परीक्षकों की ड्यूटी लगाने की तैयारी तेज कर दी है। डीआईओएस ने सभी प्रधानाचार्यों को अपने विद्यालयों के शिक्षकों का विवरण संशोधित कराने के निर्देश दिए हैं। 24 फरवरी से यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होनी है। इस परीक्षा के लिए 96 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा में करीब 45 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक, परीक्षकों की तैनाती ऑनलाइन करने का निर्णय लिया है। परिचय पत्र जारी करने से पहले डीआईओएस संतप्रकाश ने प्रधानाचार्यों को वेबसाइट पर अपलोड किए गए अपने विद्यालयों के शिक्षकों के विवरण का मिलान करने के निर्देश दिए हैं। संशोधन की अंतिम तिथि 23 दिसंबर है।

## महाकुंभ मे डूबते को बचाने के लिए चार रोबोटिक बॉय होंगे तैनात

**प्रयागराज(उत्तरशक्ति)।** महाकुंभ के दौरान स्नानार्थियों को डूबने से बचाने के लिए शासन की ओर से चार रोबोटिक बॉय की स्वीकृति मिल गई है। मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि एक हफ्ते के अंदर चारों रोबोटिक बॉय उन्हें मिल जाएंगे। महाकुंभ में श्रद्धा की डुबकी लगाने के लिए देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा शासन प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है। इस क्रम में मेला एसएसपी राजेश द्विवेदी ने स्नानार्थियों को डूबने से बचाने के लिए शासन को पत्र लिख कर रोबोटिक बॉय की मांग की थी, जिस पर शासन की तरफ से चार रोबोटिक बॉय की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से महाकुंभ को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अधिक से अधिक आधुनिक उपकरणों का भी प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही चारों रोबोटिक बॉय पुलिस को मिल जाएंगे। इसके बाद संगम के विभिन्न घाटों पर आवश्यकता के अनुसार इसे लगाया जाएगा। एसएसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोबोटिक बॉय पानी में तैरने वाला उपकरण है। यह एक छोटी नाव के आकार जैसा होगा। करीब 12 किलो इसका वजन होगा, जिसे करीब 500 मीटर की दूरी से बिना पानी में उतरे कंट्रोल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इसके लिए पानी में एक स्टेशन बनाया जाएगा, जिसे चलाने के लिए 24 घंटे ऑपरेटर की तैनाती की जाएगी।

## वसई में मंदिर का निर्माण कार्य शुरु



**-दिलीप प्रजापति**

वसई (उत्तरशक्ति)। वसई ईस्ट फादरवाडी स्वयंशम्भू हनुमान मंदिर का कुछ भाग रेलवे में जाने के कारण मंदिर को गिराया गया था। शुक्रवार को दिवाकर सिंह, धनंजय मोहिते एवं उमेश माली इत्यादि समाज सेवी उपस्थिति होकर विवेक पंडित के द्वारा नारिल तोड़कर पुनः मंदिर का निर्माण चालू करने का वीणा उठा लिया है। सभी फादर वाड़ी के रहिवासी व ओम सोसायटी के सभी सदस्यों ने तन-मन से अपनी अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

## वसई विरार भाजपा जिला उपाध्यक्ष पद पर अमित सिंह राठौड़ की नियुक्ति

**प्रेमचंद मिश्र**

**नालासोपारा।** उत्तर शक्ति महाराष्ट्र सहित वसई विरार शहर में संपन्न हुए ताजातरीन विधानसभा चुनाव में आऐ आमूलचूल परिवर्तन तथा आगामी मनपा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने वसई विरार में अमित सिंह राठौड़ को जिला उपाध्यक्ष पद नियुक्त कर भाजपा को और मजबूती प्रदान करने का प्रयास किया है। बता दें कि अमित सिंह राठौड़ प्रख्यात सामाजिक संस्था परिवर्तन संघटना के माध्यम से सामाजिक सेवा में सक्रिय रहे हैं, सामाजिक कार्यों में बेहतर छवि ही उनका अपने क्षेत्र में परिचय है। उनकी नियुक्ति पर समाज के हर वर्गों में खुशी की लहर है। बधाई देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र पाटिल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि वह वसई विरार जिले में भाजपा को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अमित सिंह राठौड़ को भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं सहित व्यापारी, कामगार व स्थानीय नागरिक द्वारा मिल रही बधाईयों से खुश दिख रहे



अमित सिंह ने कहा कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और जिलाध्यक्ष का मैं आभारी हूं। पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर किया है मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर हमेशा समाज हित के लिए ही कार्य करूंगा। शुभकामनाएं देने वालो में परिवर्तन संघटना की राष्ट्रीय अध्यक्षा नेहा सुरेश दूबे, शशिकांत मिश्रा, विक्रम सिंह सोमवंशी, शक्ति सिंह शेखावत, ओमकार शेट्टी एडवोकेट, वरिष्ठ पत्रकार प्रेम चौबे आदि लोग शामिल रहे।

## गीता के उपदेशों पर चलकर ही विश्व का कल्याण संभव: कुणाल महाराज

**डोंबिवली।** श्रीमद्भागवत गीता न केवल धर्म का उपदेश देती है, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाती है। महाभारत के युद्ध के पहले अर्जुन और श्रीकृष्ण के संवाद लोगों के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। गीता के उपदेशों पर चलकर न केवल हम स्वयं का, बल्कि समाज का कल्याण भी कर सकते हैं। लोकमान्य तिलक प्राथमिक विद्यालय, मोटा गांव चौक, डोंबिवली पश्चिम में आध्यात्मिक मानव विश्व कल्याण ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बोलते हुए काशी के प्रखर वक्ता कुणाल जी महाराज ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि संघर्ष की राह पर चलने वाला ही व्यक्ति महान बनता है। 17 दिसंबर से आयोजित कथा का समापन 23 दिसंबर को होगा। प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 9:30 बजे तक हजारों



की संख्या में लोग कथा का रसपान कर रहे हैं। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शशिधर शुक्ला, अध्यक्ष दिनेश दुबे, महामंत्री वेद पांडे, कार्य अध्यक्ष नागेंद्र फौजदार शर्मा, आयोजक मोहन गुप्ता और नवीन सिंह, उपाध्यक्ष मनोज तिवारी, संजय शुक्ला राजन पांडे, लोकेश पांडे, महेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष आशीष मिश्रा संगठन मंत्री प्रशांत मणि मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य चिरंजीव लाल शर्मा, अशोक उपाध्याय, देवी शंकर शुक्ला, आनंद गुप्ता, अनूप सिंह, नंदू गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, दिलीप वैश्य तथा मार्गदर्शक मंडल के राम आश्रय मिश्र, बालिकराम दुबे, विश्वनाथ दुबे, आईपी मिश्रा, निशाकांत मिश्रा रामकृपाल दुबे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक परिश्रम कर रहे हैं।

## दीप कमल फाउंडेशन द्वारा अटल महाकुंभ का आयोजन, सतीश महाना को अटल सम्मान



मुंबई। भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की जयंती का यह शताब्दी वर्ष है। दीप कमल फाउंडेशन उनकी जयंती पर विगत 17 वर्षों से भव्य आयोजन करती आ रही है। बुधवार 25 दिसंबर को शाम 7 बजे, विलेपार्ले पूर्व स्टेशन के सामने स्थित दीनानाथ मंगेशकर हॉल में अटल महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर हिन्दी फिल्मों के अभिनेता शेखर सुमन, वाह-वाह क्या बात है फेम अभिनेता शैलेश लोढ़ा, मराठी फिल्मों के अभिनेता तुषार दलवी व किशोर कदम द्वारा अटल के गीतों की शानदार प्रस्तुति की जाएगी।

मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष व प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार समारोह की अध्यक्षता करेंगे। समारोह में कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को अटल सम्मान प्रदान किया जाएगा। मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष व दीप कमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने बड़ी संख्या में लोगों को उपस्थित रहने का निवेदन किया है।

## विक्रोली में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन




**मुंबई।** यशोदीप फाउंडेशन संस्था की तरफ से पिछले 19 वर्षो से हर साल मार्गशीर्ष के पवित्र महीने में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी मार्गशीर्ष के इस पवित्र महीने में 15 से 21 दिसंबर तक के दरम्यान श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन विक्रोली के कन्नमवार नगर में किया गया है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में भक्त इस कथा का लाभ ले रहे है। पंकज कृष्णजी महाराज द्वारा यहा भगवद कथा और भजन का रसपान कराया जा रहा है। यहाँ आनेवाले भक्त कृष्णभक्ति में डूब जाते है। यशोदीप फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश सोनमले का कहना है कि हमारे इस धार्मिक आयोजन को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रतिदिन भंडारा साथ ही मेडिकल कैंप रखने से भक्तों को आध्यात्मिक फायदे के साथ साथ शारीरिक स्वास्थ्य का लाभ भी मिल रहा है।

## केजे खिलनानी विद्यालय व कनिष्ठ महाविद्यालय में नव साक्षरता अभियान का आयोजन



**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य अल्पसंख्यक समिति ने माहिम स्थित के.जे. खिलनानी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय संस्थान का दौरा किया। संस्थान ने साक्षरता और भारत को बदलने में इसके योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए नव साक्षरता अभियान का आयोजन किया। संस्थान को पुणे में शिक्षा निदेशालय के सहायक परियोजना अधिकारी सचिन अनंत कवालसे जैसे गणमान्य व्यक्तियों की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला, जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और इसके प्रभावी कार्यान्वयन पर अमूल्य जानकारी एवं सुझाव दिए। यह कार्यक्रम प्राचार्य चांदनी सीतलानी की एक पहल थी, जिन्होंने सहस्त्राब्दी विकास लक्ष्य के हिस्से के रूप में साक्षर भारत विकसित भारत को साकार करने के लिए हितधारकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में न्यासी ईश्वर खिलनानी ने भी भाग लिया, जिन्होंने लोकतंत्र को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में साक्षरता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए ठोस प्रयासों का आह्वान किया।

## नए विवाद उठाकर समाज में तनाव फैलाने की कोशिश- मंदिर-मस्जिद विवाद पर बोले मोहन भागवत

**लखनऊ(उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कई मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उठने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को ऐसा लग रहा है कि वे ऐसे मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता" बन सकते हैं। भागवत ने सहजीवन व्याख्यानमाला में भारत-विश्वगुरु' विषय पर बृहस्पतिवार को व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने समावेशी समाज की वकालत की और कहा कि दुनिया को यह दिखाने की जरूरत है कि देश सद्भावना के साथ एक साथ रह सकता है।

भारतीय समाज की बहुलता को रेखांकित करते हुए भागवत ने कहा कि रामकृष्ण मिशन में क्रिसमस मनाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं क्योंकि हम हिंदू हैं।" उन्होंने कहा, हम लंबे समय से सद्भावना से रह रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना प्रदान करना चाहते हैं, तो हमें इसका एक मॉडल बनाने की जरूरत है। राम मंदिर के निर्माण के बाद, कुछ लोगों को लगता है कि वे नयी जगहों पर इसी तरह के मुद्दों को उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।

भागवत ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण इसलिए किया गया क्योंकि यह सभी हिंदुओं की आस्था का विषय था। उन्होंने किसी विशेष स्थल का उल्लेख किए बिना कहा, हर दिन एक नया मामला (विवाद) उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? यह जारी नहीं रह सकता। भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं।" हाल के दिनों में मंदिरों का पता लगाने के लिए मस्जिदों के सर्वेक्षण की कई मांगें अदालतों तक पहुंची हैं, हालांकि भागवत ने अपने व्याख्यान में किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि बाहर से आए कुछ समूह अपने साथ कट्टरता लेकर आए और वे चाहते हैं कि उनका पुराना शासन वापस आ जाए। उन्होंने कहा, लेकिन अब देश संविधान के अनुसार चलता है। इस व्यवस्था में लोग अपने प्रतिनिधि चुनते हैं, जो सरकार चलाते हैं। आधिपत्य के दिन चले गए। उन्होंने कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब का शासन भी इसी तरह की कट्टरता के लिए जाना जाता था, हालांकि उसके वंशज बहादुर शाह जफर ने 1857 में गोहत्या पर प्रतिबंध लगा दिया था। उन्होंने कहा, यह तय हुआ था कि अयोध्या में राम मंदिर हिंदुओं को दिया जाना चाहिए, लेकिन अंग्रेजों को इसकी भनक लग गई और उन्होंने दोनों समुदायों के बीच दरार पैदा कर दी। तब से, अलगाववाद की भावना अस्तित्व में आई। परिणामस्वरूप, पाकिस्तान अस्तित्व में आया।" भागवत ने कहा कि अगर सभी खुद को भारतीय मानते हैं तो वर्चस्व की भाषा" का इस्तेमाल क्यों किया जा रहा है। आरएसएस प्रमुख ने कहा, कौन अल्पसंख्यक है और कौन बहुसंख्यक यहां सभी समान हैं। इस देश की परंपरा है कि सभी अपनी-अपनी पूजा पद्धति का पालन कर सकते हैं। आवश्यकता केवल सद्भावना से रहने और नियमों एवं कानूनों का पालन करने की है।

## स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया ने ग्राहकों के लिए आफ्टरसेल्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया

मुंबई। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएवीडब्ल्यूआईपीएल) का दृढ़ विश्वास है कि ग्राहक को केंद्र में रखना सबसे महत्वपूर्ण है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एसएवीडब्ल्यूआईपीएल ने पिछले एक दशक में भारत भर में अपने रीजनल डिस्ट्रिब्यूश सेंटर यानी क्षेत्रीय वितरण केंद्र के क्षेत्र को दोगुना कर 52000 वर्ग मीटर कर दिया है। इस प्रतिबद्धता का एक बेहतरीन उदाहरण हाल ही में पुणे क्षेत्रीय वितरण केंद्र में 8000 वर्ग मीटर का विस्तार है, जो अब 33,000 वर्ग मीटर में फैला है। जो परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा में नए मानक स्थापित करता है। पुणे क्षेत्रीय वितरण केंद्र के अलावा समूह के पास देशभर के ग्राहकों की सेवा करने के लिए एनसीआर और बैंगलोर में रणनीतिक रूप से स्थित पार्ट्स वितरण केंद्र भी हैं। यह सुविधा भारत में सभी पाँच महत्वाकांक्षी ब्रांड्स- स्कोडा, फॉक्सवैगन, ऑडी, पोर्श और लेम्बोर्गिनी के पार्ट्स और एक्सेसरीज का प्रबंधन करती है। घरेलू बाजार की सेवा करने पर प्राथमिक ध्यान देने के साथ यह फेसिलिटी अंतर्राष्ट्रीय बाजार का भी समर्थन करती है। यह विस्तार हमारे ग्राहकों के लिए बिक्री और



सेवा को बढ़ाने के लिए समूह की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के एमडी और सीईओ पीयूष अरोड़ा ने कहा, ऱकार का मालिक होना सिर्फ.मोबिलिटी के बारे में नहीं है; यह यादें बनाने के बारे में है। बेहतर रीजनल डिस्ट्रिब्यूश सेंटर होने से पार्ट्स और कम्पोनेंट्स के वितरण के लिए टर्न अराउंड समय को कम किया जा सकेगा, जिससे ग्राहक अनुभव बेहतर होगा। हम अपनी कारों के मालिक होने को एक सुखद यात्रा बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हमारे साथ हर संपर्क हमारे ग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान लाए।

## साड़ी की दुकान में लगी आग, लाखों का सामान नुकसान

**आजमगढ़।** सिधारी क्षेत्र में स्थित एक साड़ी की दुकान में आग लग गई। जिसमें लाखों का नुकसान हुआ। दुकान से धुआं निकलता देख लोगों ने दुकान मालिक को सूचना दी। वहीं लोगों ने दुकान का ताला तोड़ आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की लपटें तेज होने से फायर ब्रिगेड को सूचना दिया गया। लेकिन तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। कंधरापुर थाना क्षेत्र के अनवरगंज निवासी रामदर्शन यादव की सिधारी पर कपड़े की दुकान है। बृहस्पतिवार की रात में दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। अंदर रखे कपड़े धू-धूकर जलने लगे। दुकान से निकलता धुआं देखकर आसपास के लोग शोर मचाने चलगे।

## परीक्षकों के अयोग्य होने पर प्रधानाचार्य होंगे जिम्मेदार

**आजमगढ़।** यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षाएं 21 जनवरी से पांच फरवरी तक आयोजित की जानी है। इसमें परीक्षकों की तैनाती के लिए बोर्ड ने स्कूलों के प्रधानाचार्यों से 23 दिसंबर तक शिक्षकों की अपडेट लिस्ट मांगी है। बोर्ड के सचिव ने कहा कि अगर कोई अपात्र या अयोग्य शिक्षक परीक्षक बनता है तो स्कूल के प्रधानाचार्य इसके जिम्मेदार होंगे। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों, बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों एवं प्रयोगात्मक परीक्षा व मूल्यांकन कार्य के लिए परीक्षकों की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए सभी प्रधानाचार्य अपने-अपने विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों के अपलोड कराए गए विवरणों की एक बार फिर गहनता से जांच कर लें। सचिव ने चेतावनी भी दी है कि पोर्टल पर अपलोड कराई गई त्रुटिपूर्ण या भ्रामक सूचनाओं के आधार पर यदि कोई अपात्र या अयोग्य शिक्षक परीक्षक नियुक्त हो जाता है तो प्रधानाचार्य इसके उत्तरदायी माने जाएंगे। सचिव ने निर्देश दिए हैं कि शिक्षकों के नाम, जन्मतिथि, नियुक्ति तिथि, अर्हता की ठीक से जांच कर ली जाए। यह भी ध्यान रखने को कहा है कि किसी भी दशा में एक शिक्षक का विवरण एक से अधिक विद्यालयों से अग्रसारित न हो।

## मुफ्त में चाट नहीं खिलाई तो दुकानदार को मार दी गोली

**लखनऊ(उत्तरशक्ति)।** राजधानी लखनऊ में ठाकुरगंज इलाके में चाट विक्रेता राजेश गौतम उर्फ राजू की हत्या चाट के रुपये मांगने और वर्चस्व कायम रखने के लिए राकेश उर्फ कालिया ने अंजाम दी थी। बीती रात पुलिस ने आरोपी राकेश उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया। डीसीपी पश्चिम ओमवीर सिंह ने बताया कि घटना के बाद से आरोपी घर छोड़कर भागा हुआ था और मोबाइल फोन भी बंद कर लिया था। पुलिस को उसकी सही लोकेशन नहीं मिल पा रही थी। बीती रात मुखबिर की सूचना पर घैला पुल के पास से पुलिस ने आरोपी ठाकुरगंज न्यू हैदरगंज हबीबपुर निवासी राकेश कालिया को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि 13 दिसंबर की रात उसने चाट विक्रेता राजेश गौतम के ठेले से चाट खाया था। राजेश ने उससे चाट के रुपये मांगे तो उसने दबंगई दिखाते हुए चाट विक्रेता के साथ गाली-गलौज की और फिर 12 बोर के तमंचे से गोली मार दी थी। गोली लगने से घायल राजेश गौतम की अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई थी। चाट विक्रेता के बेटे अंकुर ने ठाकुरगंज थाने में हत्या का केस दर्ज कराया था।घटना के बाद राकेश ने घटना में प्रयोग तमंचे को कचहरी के पास बने एक नाले में फेंक दिया था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 12 बोर तमंचा एक खोखा और एक कारतूस भी बरमाद किया। डीसीपी का कहना है कि घटना के बाद से आरोपी राकेश सरेंडर करने की फिराक में लगा था। आरोपी के खिलाफ पहले से ठाकुरगंज थाने में हत्या के प्रयास सहित तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

